पुणना International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

Periodic Assessment-3-2021-22					
Name					
Date	05-01-21		9th	Roll No.	
Subject	HINDI	Marks -50		Teacher's Sign	

***GENERAL INSTRUCTIONS:**

1-All the Questions are Compulsory.

2-All the Parts of Questiona must be attempted at one Place.

(खंड-अ-पठन भाग)

प्र-1-अ-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (अंक-6)

बूढ़े सियार ने भेड़ों को रोक कर कहा, भाइयो और बहनों ! आप सभी मत डरो |भेड़िया राजा संत हो गये है| उन्होंने हिंसा छोड़ दी | वे आज सात दिनों से घास खा रहे है| रात-दिन भगवान् के भजन और परोपकार में लगे हुए है| उन्होंने अपना जीवन मात्र जीव-सेवा में अर्पित कर दिया है| अब वे किसी का दिल नही दुखाते | भेड़ों से उनको विशेष प्रेम है| भेड़ों की जाति ने जो कष्ट उठाये है,उनको याद कर के वे रोते है| लज्जा से उनका माथा झुका है, सो झुका ही हुआ है, परन्तु अब वे अपना शेष जीवन आपकी सेवा में लगा कर पाश्चाताप करेंगे | आज सवेरे की बात है कि एक मासूम भेड के बच्चे के पाँव में काँटा लग गया तो भेड़िया संत ने उसी दांतों से निकाला; पर जब वह बेचारा कष्ट में चल बसा भेड़िया संत ने सम्मानपूर्वक उसकी अंतिम क्रिया की |उनके घर के पास हड्डियों का जो ढेर आप देख रहे है, वह उसी का है| अब वे सर्वस्व त्याग चुके हैं| अब आप उनसे भय मत करो|

प्र-1-बूढ़े भेडिये का ह्रदय परिवर्तन कैसे हो गया?

प्र-2-'भेड़ों से उन्हें विशेष प्रेम है',इसका आशय क्या है?

प्र-3-इस गद्यांश में किस पर व्यंग किया गया है?

प्र-4-किसके पाँव में काँटा लग गया था?

प्र-5-किसका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार संत भेडिये ने किया ?

प्र-6-उचित शीर्षक लिखिए|

प्र-1-ब-निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए_ (अंक-6)

नये गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है
यह विशाल भूखंड आज जो दमक रहा है
मेरी भी आभा है इसमें|
भीनी-भीनी खुश्बू वाले रंग-बिरंगे

यह जो इतने फूल खिले हैं
कल इनको मेरे प्राणों ने नहलाया था
कल इनको मेरे सपनों ने सहलाया था |

पकी सुनहली फसलों से जो
अबकी यह खलिहान भर गया
मेरी रग-रग के शोणित की बूँदें इसमें मुस्कराती है
नये गगन में नया सूर्य जो चमक रहा है
यह विशाल भूखंड आज जो दमक रहा है
मेरी भी आभा है इसमें|

प्र-1-'मेरी भी आभा है इसमें' कवि क्या कहना चाहता है?

अ-संसार में मेरा भी महत्त्व है   ब-सूर्य की चमक में मेरा योगदान है
क-भूखंड को मैंने बनाया है   ख-मानव ही सबकुछ है

प्र-2-फूलों की सुन्दरता को लेकर कवि क्या कहते है?

अ- मेरे सपनों वाले फूल   ब-मेरे प्राणों से नहाये हुए
क- भीनी खुशबूवाले रंग-बिरंगे   ख-कुछ नही कहा

प्र-3-सुनहली फसलों के लिए कवि क्या भावना व्यक्त कर रहा है?

अ-हरी-भरी फसलें   ब-इसमें मेरे रग-रग के मेहनत है
क-पकी फासले मेरी है   ख-सुनहली पकी फसले

प्र-4-'नये गगन में नया सूर्य ' से कवि का क्या अभिप्राय है?

अ-नए युग में नया विकास   ब-नए संसार में नए लोग
क-नए युग का नया प्रधान   ख-नए सवेरा नया काम

प्र-5-कविता में किसको सहलाने की बात कही गई है?

अ-फूलों को   ब-सपनों को   क-खुशबू को   ख-फसलों को

प्र-6-उचित शीर्षक लिखिए|

(खंड-ब-लेखन भाग)

प्र-2-अ-निम्नलिखित बिन्दुओं संकेत के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-   (अंक-5)

1-विद्यार्थी जीवन:-

जीवन निर्माण का काल, विद्ध्यार्थी के लक्षण ,विद्ध्यार्थी के कर्तव्य

2-सच्चा मित्र:-

मित्रता की आवश्यकता ,मित्र के गुण ,सावधानियां,सच्चा मित्र कौन

प्र-2-ब-पत्र-लेखन-आपकी कक्षा में पंखों की कमी है ,अपनी प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए| (अंक-4)

प्र-3-एक विज्ञापन तैयार करिए-'सिल्की अमूल चॉकलेट '   (अंक-3)

(खंड-क-व्याकरण भाग)

प्र-3-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

1-शब्दार्थ-	अ-ईमान-	ब-उदार-	(अंक-1)
2-शब्दों पर अनुस्वार लगाइए-	अ-चडी	ब-डडा	(अंक-1)
3-संधि-जोडिए-	अ-नर + इंद्र =	ब-सु + आगत =	(अंक-2)
4-संधि-विच्छेद करिए-	अ-नयन-	ब-हिमालय-	(अंक-2)
5-विराम-चिन्ह लगाइए-	अ-वाह क्या बात कही	ब-रेखा इधर आओं	(अंक-1)
6-मुहावरों के वाक्य बनाइये-	अ-आग बबूला होना-	ब-रफूचक्कर होना	(अंक-2)
7- शब्दों पर अनुनासिका लगाइए-	अ-चिड़िया	ब-चादी	(अंक-2)

(खंड-क-साहित्य भाग)

प्र-4-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो) (अंक-4)

प्र-1-लेखक और उनकी पत्नी ने मेहमान का स्वागत कैसे किया?

प्र-2-आज धर्म के नाम पर क्या-क्या हो रहा है?

प्र-3-कौन से लोग धार्मिक लोगों से अच्छे हैं?कैसे?

प्र-5-आशय स्पष्ट करिए-(कोई एक)

प्र-१-पापी ने मंदिर में घुस कर ,कर दिया अनर्थ बड़ा भारी | (अंक-4)

प्र-6-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो) (अंक-4)

प्र-1-.सोनजूही में लगी पीली कली को देखकर लेखिका के मन में क्या विचार उमड़ने लगे?

प्र-2-हामिद को लेखक की किन बातों पर विश्वास नहीं हो रहा था?

प्र-3- लेखक को हामिद खाँ की याद क्यों आई?

प्र-7-आशय वर्णन काश मैं आपके मुल्क में आकर यह सब अपनी आँखों से देख सकता।’
हामिद ने ऐसा क्यों कहा? (अंक-3)